BCM SCHOOL BASANT AVENUE DUGRI LUDHIANA
ASSIGNMENT-4 ANSWERS KEY
Class 8 Subject Hindi
पाठ 8 ,वचन,मुहावरे
1)अपठित गद्यांश के आधार पर निम्न प्रश्नो के उत्तर दीजिये:-
संघर्ष के मार्ग में अकेला ही चलना पड़ता है। कोई बाहरी शक्ति आपकी सहायता नहीं करती है। परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। दो महत्त्वपूर्ण तथ्य स्मरणीय है – प्रत्येक समस्या अपने साथ संघर्ष लेकर आती है। प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निहित रहती है। एक अध्यापक छोड़ने वाले अपने छात्रों को यह दिया था – तुम्हें जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से संघर्ष करने को अभ्यास करना संदेशहोगा। हम कोई भी कार्य करें, सर्वोच्च शिखर पर पहुँचने का संकल्प लेकर चलें। सफलता हमें कभी निराश नहीं करेगी। समस्त ग्रंथों और महापुरुषों के अनुभवों को निष्कर्ष यह है कि संघर्ष से डरना अथवा उससे विमुख होना अहितकर है, मानव धर्म के प्रतिकूल है और अपने विकास को अनावश्यक रूप से बाधित करना है। आप जागिए, उठिए दृढ़-संकल्प और उत्साह एवं साहस के साथ संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़िए और अपने जीवन के विकास की बाधाओं रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कीजिए।
(क) मनुष्य को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं
(I) निर्भीकता, साहस, परिश्रम
(Ii) परिश्रम, लगन, आत्मविश्वास
(Iii) साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति, परिश्रम
(Iv) परिश्रम, दृढ इच्छा शक्ति व लगन

(ख) प्रत्येक समस्या अपने साथ लेकर आती है–
(I) संघर्ष
(Ii) कठिनाइयाँ
(Iii) चुनौतियाँ
(Iv) सुखद परिणाम

(ग) समस्त ग्रंथों और अनुभवों का निष्कर्ष है
(I) संघर्ष से डरना या विमुख होना अहितकर है।
(Ii) मानव-धर्म के प्रतिकूल है।
(Iii) अपने विकास को बाधित करना है।
(Iv) उपर्युक्त सभी

(घ) 'मानवीय' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय है
(I) मानवी + य
(Ii) मानव + ईय
(Iii) मानव + नीय
(Iv) मानव + इय

(ङ) संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़ने के लिए आवश्यक है
(I) दृढ़ संकल्प, निडरता और धैर्य
(Ii) दृढ़ संकल्प, उत्साह एवं साहस
(Iii) दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और साहस
(Iv) दृढ़ संकल्प, उत्तम चरित्र एवं साहस

2)वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
चीनी फेरीवालों को कौन-कौन सी भाषाएँ आती थी?(1)
चीनी और बर्मी

3) प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में दीजिए।**(2)**
प्र० फेरीवाले ने लेखिका से सारे कपड़े ख़रीदने के लिए क्यों कहा?
उत्तर-फेरीवाले ने लेखिका से सारे कपड़े ख़रीदने के लिए इसलिए कहा क्योंकि वे अपने देश जाना चाहता था। वह अपने मालिक का रुपया चुक्ता कर अपने वतन जाना चाहता था। जब लेखिका ने उससे पूछा कि वहाँ कौन है तुम्हारा तो उसने कहा हमारा चाइना है।
4)मूल शब्द और उपसर्ग अलग करो**(1)**
संरक्षण-सम्+ रक्षण
5) लिंग बादलों**(2)**
बेटी - बेटा
लेखिका- लेखक
6)वचन बदलो।**(1)**
आँखे- आँखें
7)सदैव बहुवचन में ही प्रयोग होने वाले शब्द को चुने।**(1)**
हस्ताक्षर ,पानी, सत्य
8)एक वचन को बहुवचन में बदलो।**(1)**
बंदर पेड़ पर लटक रहा है।
बंदर पेड़ पर लटक रहे हैं।
9) मुहावरे का अर्थ लिखिए।**(1)**
आँखों का कॉटा होना- बुरा लगना